कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र के0रि0पु0बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा -01306

संख्याः एफ.चार-1/2019-20-मॉन्टेसरी स्कूल

दिनांक 17 /01/2020

विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रुप केन्द्र, के0रि0पु0बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा-201306 के मॉन्टेसरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2019-20 हेतु कक्षा नर्सरी व के0जी0 में पढाने के कार्य हेतु अस्थायी तौर पर विशुद्ध रूप से अनुबंधात्मक आधार पर सिर्फ दिनांक पद भार ग्रहण करने की तिथि से 31/05/2020 तक के लिए निम्नलिखित पदों हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैः-

क्र. सं.	पद	पदों की संख्या	मानदेय	दिनांक 31/12/2019 को आयु
01	अध्यापिका	01	रू0 8,000/- प्रतिमाह	21 से 40 वर्ष

नोटः- पूरे वर्ष में समानुपातिक आधार पर 10 दिनों का आकस्मिक अवकाश भी मंजूर किया जाएगा तथा उपर्युक्त पदों की संख्या किसी भी समय बिना सूचित किए घटाई एवं बढाई जा सकती है।

02 **<u>शैक्षणिक योग्यताः-</u>** (क) विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।

(ख) वरीयताः- किसी मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से N.T.T. प्रमाण पत्र उम्मीदवारों को प्रथम वरीयता प्रदान की जाएगी तथा B.Ed, B.T.C, E.C.C.E या उसके समकक्ष कोई अन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्राप्त उम्मीदवारों को द्वितीय वरीयता प्रदान की जाएगी। (ग) अग्रेजी माध्यम के छात्रों को भी वरीयता प्रदान की जाएगी।

03 आवेदन पत्र/आवेदन करने का तरीकाः

इच्छुक उम्मीदवारों को दिनांक 29 /01/2020 को 1130 बजे कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, के0रि0पु0बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा-201306 में प्रार्थना पत्र एवं समस्त दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा, इसके लिए अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। साक्षात्कार के लिए सभी उम्मीदवार मान्यता प्राप्त संस्थानों से जारी अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अध्यापन कार्य का अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र तथा उसकी दो प्रतिलिपि, 02 पासपोर्ट साईज फोटो एवं बायोडाटा साथ लेकर आएगे।

04. चयन प्रक्रियाः-

उपरोक्त पदों पर चयन आवेदकों के शैक्षणिक अनुभवों के आधार पर इस ग्रुप केन्द्र में गठित चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

नोटः-
(क) चयन प्रक्रिया तिथि-समय प्रशासनिक कारणों से कभी भी रद्द व संशोधित की जा सकती है।
(ख) चयन के पश्चात बिना कारण बताये नियुक्ति कभी भी रद्द की जा सकती है।
(ग) सभी उम्मीदवारों को प्रतिज्ञापत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह अनुबन्ध का कार्य बीच में नहीं छोडेगे।
(घ) आवेदकों/उम्मीदवारों को गेट नं0-02 से प्रवेश दिया जाएगा।

पुलिस उप महानिरीक्षक
ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, ग्रेटर नोएडा।